NBT नवभारत टाइम्स

शाहदरा से नोली तक EMU ट्रेन

इस मसले पर नॉर्दन रेलवे के उच्च अफसरों की बैठक हुई

Maneesh.Aggarwal
@timesgroup.com

नई दिल्ली : दिल्ली से नोली तक जाने वाले रेल यात्री जल्द ही ईएमयू से सफर कर सकेंगे। इस रूट का इलेक्ट्रिफिकेशन करने के लिए बिजली के खंभे तो लगा दिए गए थे, लेकिन सालों से इनमें तारों को नहीं कसा गया था। पिछले दिनों इस मसले पर नॉर्दन रेलवे के उच्च अफसरों की बैठक हुई। इसमें तय किया गया है कि इलेक्ट्रिक पोल पर जल्द से जल्द तारों को कसा जाए जिससे अगले साल जनवरी तक नोली तक ईएमयू चलाने का रास्ता साफ हो।

राहत की बात...

यह ट्रैक करीब 11 किलोमीटर लंबा है, यहां बिजली के खंभे लगा दिए गए थे और अब इनमें जनवरी तक तार कसे जाएंगे

सूत्रों के मुताबिक, शाहदरा से नोली तक का यह रेल ट्रैक 11.37 किमी लंबा है। मार्च 2010 में इस रूट के इलेक्ट्रिफिकेशन का काम शुरू किया गया था, लेकिन इसकी रफ्तार इतनी धीमी रही कि पोल लगने के बावजूद इनमें बिजली के तारों को नहीं कसा जा सका। इस रूट पर इतने अधिक यात्री हैं कि अक्सर ट्रेन की छतों पर बैठकर लोग सफर करने को मजबूर होते हैं। इसमें भी बड़ी संख्या में नोली रेलवे स्टेशन तक के यात्रियों का दिल्ली आना-जाना लगा रहता है।

रेलवे की ओर से योजना बनाई गई थी कि पहले चरण में शाहदरा से शामली वाले इस रेल रूट को नोली तक बिजली का किया जाए। इसके बाद धीरे-धीरे इसे आगे तक बढ़ाया जाए। करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। बताया जाता है कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले इस रूट पर काम शुरू किया जाना था, लेकिन किन्हीं कारणवश यह काम खटाई में अटक गया और केवल बिजली के खंभे लग सके।

अब एक बैठक में निर्णय लिया गया है कि अगले साल जनवरी तक यह काम पूरा कर दिया जाए। इसके बाद दिल्ली डिविजन अपनी ओर से काम पूरा होने की रिपोर्ट कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) को दे देगा, जिससे कि जल्द से जल्द सीआरएस इस लाइन पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों को चलाने की अनुमति दें। दिल्ली डिविजन के एक अफसर ने बताया कि जब यह काम पूरा हो जाएगा, तब मौजूदा ईएमयू में से ही कुछ को नोली रेलवे स्टेशन तक बढ़ा दिया जाएगा, खासतौर से सुबह और शाम के पीक आवर्स में। इससे शामली और पीछे से आने वाली ट्रेनों पर लोकल यात्रियों की भीड़ का दबाव काफी कम होगा। रेलवे की ओर से यह भी बताया गया है कि भले ही इस जगह को लोनी के नाम से जाना जाता हो, मगर यहां के रेलवे स्टेशन का नाम नोली है।

दिल्ली NCR की ताजा खबरों के लिए फॉलो करें @NBTDilli